अनुक्रमांक ........................................................................................मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 12

नाम..............................................................................................................................................

# 102 304 (AE)

## 2021

## सामान्य हिन्दी

*समय : तीन घंटे 15 मिनट ]* *[ पूर्णांक :100*

---

*निर्देश :*

*I. प्रारंभ 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।*

*II. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं । दोनों खंडों के प्रश्न करना आवश्यक है ।*

---

(खण्ड - क)

1. ( क ) ' नासिकेतोपाख्यान ' के लेखक हैं- 1

( i ) लल्लू लाल

( ii ) सदासुखलाल

( iii ) सदल मिश्र

( iv ) इंशाअल्ला खाँ ।

( ख ) बालमुकुन्द गुप्त किस युग के लेखक थे ? 1

( i ) भारतेन्दु युग के

( ii ) द्विवेदी युग के

( iii ) छायावादी युग के

( iv ) प्रगतिवादी युग के ।

( ग ) श्यामसुन्दर दास की शैली है- 1

( i ) व्यास शैली

( ii ) समास

( iii ) भावात्मक

( iv ) व्यंग्यात्मक ।

( घ ) किसके गद्य में करुण संवेदना की प्रधानता है ? 1

( i ) माखललाल चतुर्वेदी के

( ii ) पाण्डेय बेचन शर्मा ' उग्र ' के

( iii ) जयशंकर प्रसाद के

( iv ) महादेवी वर्मा के ।

( ङ ) निबन्ध प्रौढ़तम स्तर तक पहुँचा- 1

( i ) द्विवेदी युग में

( ii ) शुक्ल युग में

( iii ) शुक्लोत्तर युग में

( iv ) प्रयोगवादी युग में ।

2. ( क ) कविता में चार चाँद लगाने वाली शक्ति है – 1

( i ) अभिधा

( ii ) लक्षणा

( iii ) व्यंजना

( iv ) तात्पर्या ।

( ख ) ' पपीहों की वह पीन पुकार ' किसकी पंक्ति है ? 1

( i ) भारतेन्दु की

( ii ) जयशंकर प्रसाद की

( iii ) सुमित्रानन्दन पन्त की

( iv ) महादेवी की ।

( ग ) ' खुमाण रासो ' के रचयिता हैं – 1

( i ) नरपति नाल्ह

( ii ) दलपति विजय

( iii ) चन्दबरदाई

( iv ) जगनिक ।

( घ ) ' रसिकप्रिया ' रचना है- 1

( i ) मतिराम की

( ii ) केशवदास की

( iii ) नरपति नाल्ह की

( iv ) सुमित्रानन्दन पन्त की ।

( ङ ) अग्रदास किस काव्यधारा के कवि हैं ? 1

( i ) कृष्ण काव्यधारा के

( ii ) सूफी काव्यधारा के

( iii ) वीर काव्यधारा के

( iv ) राम काव्यधारा के ।

3. निम्नलिखित अवतरणों को पढ़कर किसी एक के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए

$$2 \times 5 = 10$$

संस्कृति के अभ्युदय और विकास के द्वारा ही राष्ट्र की वृद्धि संभव है। राष्ट्र के समग्र रूप में भूमि और जन के साथ - साथ जन की संस्कृति का महत्त्वपूर्ण स्थान है। यदि भूमि और जन अपनी संस्कृति से विरहित कर दिये जायँ तो राष्ट्र का लोप समझना चाहिए। जीवन के विटप का पुष्पं संस्कृति है। संस्कृति के सौन्दर्य और सौरभ में ही राष्ट्रीय जन के जीवन का सौन्दर्य और यश अन्तर्निहित है। ज्ञान और कर्म दोनों के पारस्परिक प्रकाश की संज्ञा संस्कृति है।

क. किसके द्वारा राष्ट्र की वृद्धि संभव है?

ख. यदि भूमि और जन अपनी संस्कृति से विरहित कर दिये जायँ तो क्या होगा?

ग. संस्कृति क्या है ?

घ. जीवन के विटप का पुष्प क्या है ?

ङ. पाठ का नाम व लेखक का नाम लिखो?

अथवा

अशोक को जो सम्मान कालिदास से मिला , वह अपूर्व था। सुन्दरियों के आसिंजनकारी नूपुर वाले चरणों के मृदु आघात से वह फूलता था , कोमल कपोलों पर कर्णावतंस के रूप में झूलता था और चंचल नील अलकों की अचंचल शोभा को सौ - गुना बढ़ा देता था। वह महादेव के मन में क्षोभ पैदा करता था , मर्यादा पुरुषोत्तम के चित्त में सीता का भ्रम पैदा करता था और मनोजन्मा देवता के एक इशारे पर कंधे पर से ही फूट उठता था।

क. 'कर्णावतंस' व 'आसिंजनकारी' शब्दों के अर्थ लिखिए |

ख. क्षोभ एवं अलक का अर्थ लिखिए |

ग. अशोक को अपूर्व सम्मान किससे मिला था ?

घ. महादेव के मन में क्षोभ कौन पैदा करता था ?

ङ. अशोक राम के मन में किसका भ्रम पैदा करता था ?

4. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर किसी एक के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

$$2 \times 5 = 10$$

दुःख की पिछली रजनी बीच विकसता सुख का नवल प्रभात ;
एक परदा यह झीना नील छिपाये है जिसमें सुख गात ।
जिसे तुम समझे हो अभिशाप , जगत की ज्वालाओं का मूल ;
ईश का वह रहस्य - वरदान कभी मत इसको जाओ भूल ।|

क. प्रस्तुत पंक्तियों में किन दो पात्रों के बीच वार्तालाप हो रहा है ?

ख. ईश्वर का रहस्यमयी वरदान क्या है ?

ग. प्रस्तुत पंक्तिया कौन कह रहा है ?

घ. पद्यांश के रचनाकार व शीर्षक का नाम लिखिए |

ङ. सुख का नवीन सवेरा कब आता है ?

अथवा

है बहुत बरसी धरित्री पर अमृत की धार
पर नहीं अब तक सुशीतल हो सका संसार |
भोग लिप्सा आज भी लहरा रही उद्दाम ,
बह रही असहाय नर की भावना निष्काम ||

क. धरित्री पर किसकी वर्षा हुई है ?

ख. कौन सी चीज अज भी उन्नत होकर बह रही है ?

ग. प्रस्तुत पद्यांश के रचयिता और शीर्षक का नाम लिखिए |

घ. रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए |

ङ. निष्काम और उद्दाम का अर्थ लिखिए |

5. ( क ) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी रचनाओं का उल्लेख कीजिए- **3 + 2 = 5**

( i ) हजारीप्रसाद द्विवेदी ,

( ii ) प्रो .जी. सुंदर रेड्डी ,

( iii ) वासुदेवशरण अग्रवाल ।

( ख ) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी कृतियों का उल्लेख कीजिए - **3 + 2 = 5**

( i ) मैथिलीशरण गुप्त ,

( ii ) रामधारी सिंह ' दिनकर ' ,

( iii ) अज्ञेय

6. ( क ) ' ध्रुवयात्रा ' अथवा ' पंचलाइट ' कहानी का सारांश प्रस्तुत कीजिए । **5**

अथवा ' पंचलाइट ' अथवा ' बहादुर ' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए ।

7. स्वपठित खण्डकाव्य के आधार पर किसी एक खण्ड के एक प्रश्न का उत्तर दीजिए ।

( शब्द सीमा अधिकतम -80 ) 5

( i ) ' श्रवण कुमार ' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र - चित्रण कीजिए ।

अथवा ' श्रवण कुमार ' खण्डकाव्य के आधार पर दशरथ का चरित्रचित्रण कीजिए

( ii ) " रश्मिरथी ' खण्डकाव्य के आधार पर ' कर्ण ' का चरित्र - चित्रण कीजिए ।

अथवा ' रश्मिरथी ' खण्डकाव्य के आधार पर ' कर्ण ' का चरित्र - चित्रण कीजिए

( iii ) ' मुक्तियज्ञ ' खण्डकाव्य का कथानक संक्षेप में लिखिए । '

अथवा मुक्तियज्ञ ' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र - चित्रण कीजिए ।

( iv ) ' त्यागपथी ' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए । '

अथवा त्यागपथी ' खण्डकाव्य के आधार पर हर्षवर्द्धन का चरित्र - चित्रण कीजिए

( v ) ' आलोकवृत्त ' खण्डकाव्य का नायक कौन है ? उसका चरित्र चित्रण कीजिए

अथवा अथवा ' आलोकवृत्त ' की कथावस्तु पर प्रकाश डालिए ।

( vi ) ' सत्य की जीत ' खण्डकाव्य के आधार पर द्रोपदी का चरित्र - चित्रण कीजिए ।

अथवा ' सत्य की जीत ' खण्डकाव्य की कथावस्तु लिखिए ।

( खंड -ख )

8. ( क ) निम्नलिखित अवतरणों का सन्दर्भ - सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए-

$2 + 5 = 7$

महापुरुषाः लौकिक - प्रलोभनेषु बद्धाः नियतलक्ष्यान्न कदापि भ्रश्यन्ति । देशसेवानुरक्तोऽयं युवा उच्चन्यायालयस्य परिधौ स्थातुं नाशक्नोत् । पण्डित मोतीलालनेहरू - लालालाजपतराय प्रभृतिभिः अन्यैः राष्ट्रनायकैः सह सोऽपि देशस्य स्वतन्त्रतासङ्ग्रामेऽवतीर्णः । देहल्यां त्रयोविंशतितमे काङ्ग्रेसस्याधिवेशनेऽयम् अध्यक्षपदमलङ्कृतवान् । ' रोलट एक्ट ' इत्याख्यस्य विरोधेऽस्य ओजस्विभाषणं श्रुत्वा आङ्ग्लशासकाः भीताः जाताः । बहुवारं कारागारे निक्षिप्तोऽपि अयं वीरः देशसेवाव्रतं नात्यजत् ।

अथवा

अतीते प्रथमकल्पे चतुष्पदाः सिंहं राजानमकुर्वन् । मत्स्या आनन्दमत्स्यं , शकुनयः सुवर्णहंसम् । तस्य पुनः सुवर्णराजहंसस्य दुहिता हंसपोतिका अतीव रूपवती आसीत् । स तस्यै वरमदात् यत् सा आत्मनश्चित्तरुचितं स्वामिनं वृणुयात् इति । हंसराजः तस्यै वरं दत्त्वा हिमवति शकुनिसङ्के संन्यपतत् । नानाप्रकाराः हंसमयूरादयः शकुनिगणाः समागत्य एकस्मिन् महति पाषाणतले संन्यपतन् । हंसराजः आत्मनः चित्तरुचितं स्वामिकं आगत्य वृणुयात् इति दुहितरमादिदेश ।

( ख ) निम्नलिखित अवतरणों का सन्दर्भ - सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए-

$2 + 5 = 7$

निन्दन्तु नीतिनिपुणाः यदि वा स्तुवन्तु ,

लक्ष्मीः समाविशतु गच्छतु वा यथेष्टम् ।

अद्यैव वा मरणमस्तु युगान्तरे वा,

न्याय्यात् पथः प्रविचलन्ति पदं न धीराः ।।

अथवा

प्रीणाति यः सुचरितैः पितरं स पुत्रो ,

यद् भर्तुरेव हितमिच्छति तत् कलत्रम्|

तन्मित्रमापदि सुखे च समक्रियं यद्

एतत्त्रयं जगति पुण्यकृतो लभन्ते|| .

9. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किन्हीं दो के अर्थ लिखते हुए वाक्य प्रयोग कीजिए- 2

( क ) अपनी करनी पार उतरनी

( ख ) दाँतों तले उँगली दबाना

( ग ) हाथ - पाँव मारना

( घ ) नाक कटाना

( ङ ) सावन हरे न भादों सूखे ।

10. ( क ) निम्नलिखित शब्दों के सन्धि - विच्छेद के सही विकल्प का चयन कर लिखिए 1

( i ) ' कलाविव ' का सन्धि - विच्छेद है – 1

( अ ) कला + विव

( ब ) कल् + अविव

( स ) कलौ + इव

( द ) कलो + ईव ।

( ii ) ' मध्वरिः ' का सन्धि - विच्छेद है - 1

( अ ) मधु + अरिः

( ब ) मध + वरिः

( स ) मध्व + रिः

( द ) मधौ + अरिः

( iii ) ' सुरेशः ' का सन्धि - विच्छेद है – 1

( अ ) सु + रेशः

( ब ) सुर + एशः

( स ) सुरे + इशः

( द ) सुर + ईशः ।

( ख ) निम्नलिखित शब्द - युग्मों का सही अर्थ- 2

( i ) अंस - अंश –

( अ ) अङ्कुर और हिस्सा

( ब ) भाग और कन्धा

( स ) कन्धा और हिस्सा

( द ) कोण और अंकुश ।

( ii ) प्रसाद - प्रासाद –

( अ ) प्रसन्नता और घर

( ब ) भवन और कृपा

( स ) कृपा और महल

( द ) सुख और दुःख ।

( ग ) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के अर्थ लिखिए – 2

( i ) सारंग

( ii ) खग

( iii ) अनुकम्पा

( घ ) निम्नलिखित वाक्यांशों में से किन्हीं दो के लिए एक - एक शब्द लिखिए -1 + 1 = 2

( i ) जिसका वर्णन न किया जा सके ।

अ. वर्णन से अलग

आ. वरनांत

इ. अवर्णनीय

ई. अवर्णक

( ii ) जिसका कोई आधार न हो ।

अ. निराश्रय

आ. निराधार

इ. निरासार

ई. निरपराध

( ङ ) निम्नलिखित शब्द - रूपों में से किसी एक का वचन और विभक्ति लिखिए - 2

( i ) आत्मनि --

A. षष्ठी बहुवचन
B. षष्ठी द्विवचन
C. पंचमी बहुवचन
D. सप्तमी एकवचन

( ii ) नामभ्य: –

A. द्वितीया बहुवचन
B. चतुर्थी द्विवचन
C. पंचमी बहुवचन
D. प्रथमा एकवचन

( च ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए- 1 + 1 = 2

( i ) यहाँ शुद्ध गाय का दूध मिलता है ।

( ii ) हमारी शिक्षिका विद्वान् है ।

( iii ) आज मेरा चाचा आया है ।

( iv ) वह गत सप्ताह हो जायगा ।

11. ( क ) श्रृंगार अथवा शांत रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए । 2

( ख ) यमक अथवा श्लेष अलंकार का लक्षण उदाहरण सहित लिखिए । 2

( ग ) सोरठा अथवा कुण्डलिया का लक्षण उदाहरण सहित लिखिए । 2

12. ग्राम - प्रधान की ओर से अपने जनपद के जिलाधिकारी को एक पत्र लिखिए , जिसमें गाँव की सफाई व्यवस्था हेतु अनुरोध किया गया हो । 6

अथवा

अपने निकट के बैंक के शाखा प्रबन्धक को उच्चशिक्षा हेतु ऋण प्राप्त करने के लिए आवेदनपत्र लिखिए ।

13. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर अपनी भाषा - शैली में निबन्ध लिखिए- 9

( क ) वन की उपयोगिता

( ख ) विज्ञान का रचनात्मक स्वरूप

( ग ) भ्रष्टाचार नियन्त्रण

( घ ) पर्यावरण - प्रदूषण की समस्या और समाधान


Gyansindhu Coaching Classes

**Model Paper Prepared By :**

**Arunesh Sir**

**चैनल लिंक –**

https://www.youtube.com/channel/UCBEWNQ637WdCBl6S4KCIzZQ

**वेबसाइट लिंक** - https://gyansindhuclasses.com/

**फेसबुक पेज लिंक** - https://www.facebook.com/Gyansindhu-Coaching-Classess-172631304514334/